दैनिक जागरण 11/11/2023

जीएमएन कालेज ने फुटबाल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

जीएमएन कालेज की फुटबाल टीम। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इंटर कालेज फुटबाल चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में जीएमएन कालेज चैंपियन रहा। कालेज के खिलाड़ियों ने गोल्ड जीत कर अपने आप को सर्वश्रेष्ठ साबित किया। यह प्रतियोगिता 4 से 10 नवंबर तक हुई, जिसमें कालेज ने पानीपत को 3-0, गवर्नमेंट कालेज इसुराणा को 2-0, गवर्नमेंट कालेज पंचकूला को 5-0 से मात दी। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता खिलाड़ियों की जीत पर खुशी व्यक्त की।